Government of **Western Australia**
Department of **Water and Environmental Regulation**

प्लास्टिक के लिए WA की योजना

# एकल-उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध 2022–25

## व्यवसाय के लिए विस्तृत मार्गदर्शिका



नवंबर 2023

Department of Water and Environmental Regulation

Prime House, 8 Davidson Terrace
Joondalup Western Australia 6027

Locked Bag 10 Joondalup DC WA 6919

Phone: 08 6364 7000
Fax: 08 6364 7001

National Relay Service 13 36 77

www.dwer.wa.gov.au

© Government of Western Australia

July 2023 (updated November 2023)

This work is copyright. You may download, display, print and reproduce this material in unaltered form only (retaining this notice) for your personal, non-commercial use or use within your organisation. Apart from any use as permitted under the *Copyright Act 1968*, all other rights are reserved. Requests and inquiries concerning reproduction and rights should be addressed to the Department of Water and Environmental Regulation.

**Disclaimer**

This document has been published by the Department of Water and Environmental Regulation. Any representation, statement, opinion or advice expressed or implied in this publication is made in good faith and on the basis that the Department of Water and Environmental Regulation and its employees are not liable for any damage or loss whatsoever which may occur as a result of action taken or not taken, as the case may be in respect of any representation, statement, opinion or advice referred to herein. Professional advice should be obtained before applying the information contained in this document to particular circumstances.

This publication is available at our website www.dwer.wa.gov.au or for those with special needs it can be made available in alternative formats such as audio, large print, or Braille.

22230581

# विषयवस्तु


**प्रतिबंधों के बारे में** **4**

यह प्रतिबंध (बैन) किस पर लागू होता है? . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 4

क्या प्रतिबंधित किया गया है और कब से? . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 5

प्रतिबंधों को कैसे लागू किए जा रहा है? . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 5

**प्रतिबंधित वस्तुएँ** **6**

प्लास्टिक शॉपिंग बैगस (किसी भी मोटाई के) . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 6

खुले फलों और सब्जियों के लिए प्रोड्यूस बैग . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 7

डिग्रेडेबल (नष्ट होने योग्य) प्लास्टिक . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 8

माइक्रोबीड्स . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 10

प्लास्टिक के डंडे वाले कॉटन बड्स . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 11

गर्म और ठंडे पेय पदार्थों के लिए कप . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 12

गर्म और ठंडे पेय पदार्थों के कप के ढक्कन . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 14

प्लास्टिक स्ट्रॉ और कटलरी . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 15

फूडवेयर (प्लेटें, कटोरे, ट्रे और कंटेनर). . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 16

विस्तारित पॉलीस्टाइरीन और अन्य विस्तारित प्लास्टिक फूड कंटेनर और ट्रे . . . . . . . . . . 20

विस्तारित पॉलीस्टाइनिन और अन्य विस्तारित प्लास्टिक से बनी पैकेजिंग . . . . . . . . . . 21

**व्यवसाय के लिए चरण और समर्थन** **23**


**क्या आपको सहायता की ज़रूरत है?**

व्यवसायों और संगठनों को प्रतिबंध का अनुपालन करने में सहायता देने के लिए नेशनल रिटेल एसोसिएशन (राष्ट्रीय रिटेल संगठन) सम्पूर्ण वेबसाइट और टोलफ्री हॉटलाइन सहित कई संसाधन और सेवाएँ प्रदान कर रहा है।

और अधिक जानकारी या सलाह के लिए:

| | | |
|---|---|---|
| plasticsbanwa.com.au पर जाएँ | 1800 817 723 पर कॉल करें | ई-मेल sustainability@nra.net.au |

हम सभी व्यवसायों को प्रतिबंध संबंधी किसी भी अपडेट जैसे छूट, प्रवर्तन और सामान्य प्रश्नों के उत्तर के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखने की सलाह देते हैं।

वेबसाइट पर और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए यहां स्कैन करें।

यह प्रकाशन जल और पर्यावरण विनियमन विभाग (Department of Water and Environmental Regulation) और नेशनल रिटेल एसोसिएशन के बीच सहयोगात्मक प्रयास है।

# प्रतिबंधों के बारे में

**प्लास्टिक हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गए हैं। ये सस्ते, सुलभ होते हैं और कई अनुप्रयोगों में इनका इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन, इनमें से कई प्लास्टिक अपनी एकल-उपयोग प्रकृति की वजह से अपव्ययी, संसाधनों को इस्तेमाल कर-उत्पाद बनाना-फिर इस्तेमाल कर फेंक देना जैसी अर्थव्यवस्था की वजह बनते हैं और अपने हलके वजन और माइक्रोप्लास्टिक में टूटने की प्रवृत्ति से प्रदूषण का खतरा बनते हैं।**

13 जून 2021 को, वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया सरकार (राज्य सरकार) ने प्लास्टिक के लिए वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की योजना (प्लास्टिक के लिए WA की योजना) की घोषणा की। प्लास्टिक के लिए WA की योजना को सामुदायिक प्रतिक्रिया के जवाब के रूप में जारी किया गया था और यह एकल-उपयोग प्लास्टिक मुक्त, अधिक टिकाऊ WA की ओर मार्गदर्शिका प्रदान करती है।

प्लास्टिक के लिए WA की योजना के स्टेज 1 और 2 दोनों ही अब प्रभावी रूप से लागू हैं। 1 मार्च 2023 को स्टेज 2 की वस्तुओं को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना शुरू किया गया।

यह दस्तावेज़ वर्तमान में WA में लागू या जल्द ही लागू होने वाले एकल-उपयोग प्लास्टिक प्रतिबंधों के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस दस्तावेज़ का उद्देश्य प्रतिबंधों से प्रभावित रिटेलर्स, आपूर्तिकर्ताओं और विनिर्माताओं को मार्गदर्शन देना और अनुपालन विकल्पों के अनुसरण में सहायता देना है।

## यह प्रतिबंध (बैन) किस पर लागू होता है?

यह प्रतिबंध वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया में निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति करने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन पर लागू होता है।

- **रिटेल या हॉस्पिटेलिटी व्यापार** जैसे कि रेस्टोरेंट, कैफे, बॉर, होटल, टैकअवे फूड आउटलेट, पार्टी सप्लाई स्टोर, डिस्काउंट स्टोर, सुपरमार्केट, मार्केट स्टॉल्स, ऑनलाइन स्टोर, डिलीवरी सेवाएँ, और किसी अन्य रिटेलर को प्रतिबंधित वस्तुओं की आपूर्ति नहीं करनी होगी।
- **विनिर्माताओं, आपूर्तिकारों, वितरकों और थोक विक्रेताओं** को WA में प्रतिबंधित वस्तुओं की आपूर्ति नहीं करनी होगी।
- **सामुदायिक समूहों और लाभ- निरपेक्ष संगठनों**, जैसे कि वे जो किसी सेवा के भाग के तौर पर, दैनिक गतिविधियों या समारोहों या चंदा इकट्ठा करने की गतिविधियों के दौरान इन वस्तुओं का प्रयोग करते हैं, उन्हें प्रतिबंधित वस्तुओं की आपूर्ति नहीं करनी होगी।

किसी प्रतिबंधित वस्तु के लिए किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के वर्ग को छूट दी जा सकती है। इस बारे में और अधिक जानकारी के लिए कि छूट के लिए कौन आवेदन कर सकता है और छूट के अनुमत कारण क्या हैं और आवेदन कैसे किया जाये, विभाग की वेबसाइट पर एकल उपयोग प्लास्टिक छूट के लिए आवेदन को देखें।

**महत्वपूर्ण:** अतिरिक्त या बचे हुए प्रतिबंधित वस्तुओं की सप्लाई जारी रखने की छूट के आवेदनों पर उन वस्तुओं की प्रवर्तन तिथि के बाद विचार नहीं किया जाएगा।

व्यवसाय (जैसे वितरण केंद्र और ऑनलाइन स्टोर) WA के बाहर किसी व्यक्ति को प्रतिबंधित वस्तु की आपूर्ति कर सकते हैं, लेकिन उन्हें अन्य क्षेत्राधिकारों में समान प्रतिबंधों की जांच करने की सलाह दी जाती है।

## क्या प्रतिबंधित किया गया है और कब से?

1 जनवरी 2022

### स्टेज 1

**1 जनवरी 2022** को स्टेज 1 प्रतिबंध दो परिवर्तन अवधियों के साथ शुरू किया गया।

1 जुलाई 2022

**1 जुलाई 2022** से, निम्नलिखित गैर-कानूनी हो गया है:

- ✖ हैंडल वाले सभी प्लास्टिक शॉपिंग बैग की सप्लाई करना
- ✖ डिस्पोजेबल प्लास्टिक के बर्तन - स्ट्रॉ, स्टिरर और कटलरी की सप्लाई करना
- ✖ विस्तारित पॉलीस्टाइनिन (EPS) फूड कंटेनर और ट्रे की सप्लाई करना
- ✖ हवा में गुब्बारा छोड़ना
- ✖ बिना ढक्कन वाले डिस्पोजेबल प्लास्टिक फूडवेयर - प्लेट, कटोरे और फूड कंटेनर की सप्लाई करना।

1 अक्टूबर 2022

**1 अक्टूबर 2022** से, निम्नलिखित गैर-कानूनी हो गया है:

- ✖ कोल्ड ड्रिंक के लिए बिना ढक्कन वाले प्लास्टिक कप की सप्लाई करना।

1 मार्च 2023

### स्टेज 2

**1 मार्च 2023** को स्टेज 2 प्रतिबंध, व्यवसायों को अनुपालन के लिए समय प्रदान करने के लिए 2023 और 2025 के बीच क्रमबद्ध प्रवर्तन तिथियों के साथ शुरू किया गया। हालांकि प्रवर्तन तिथि के बाद प्रतिबंधित वस्तुओं को बेचना या सप्लाई करना गैर-कानूनी है, लेकिन इन परिवर्तनों की शुरूआत के हिस्से के रूप में जल और पर्यावरण विनियमन विभाग (विभाग), सबसे पहले शिक्षित करने, का दृष्टिकोण अपनाएगा।

1 सितम्बर 2023

**1 सितम्बर 2023** से, निम्नलिखित की सप्लाई गैर-कानूनी है:

- ✖ एक्सपेंडेड प्लास्टिक पैकेजिंग (ढीला भराव)
- ✖ मीट और सीफूड के लिए EPS कप और EPS ट्रे
- ✖ डिग्रेडेबल प्लास्टिक
- ✖ प्लास्टिक डंडे वाले डिस्पोजेबल बड्स
- ✖ व्यक्तिगत देखभाल, कॉस्मेटिक और सफाई उत्पादों में माइक्रोबीड्स।

1 मार्च 2024

**1 मार्च 2024** से, निम्नलिखित की सप्लाई गैर-कानूनी है:

- ✖ डिस्पोजेबल कॉफ़ी कप और सभी प्लास्टिक कप के ढक्कन
- ✖ टेकअवे या ईट-इन फूड के लिए डिस्पोजेबल प्लास्टिक ट्रे।

1 सितम्बर 2024

**1 सितम्बर 2024** से, निम्नलिखित की सप्लाई गैर-कानूनी है:

- ✖ ताजे, बिना पैक किए फलों और सब्जियों के लिए प्रयोग होने वाले डिस्पोजेबल प्लास्टिक प्रोड्यूस बैग
- ✖ टेकअवे या ईट-इन फूड के लिए उपयोग होने वाले कटोरे, ट्रे और कंटेनरों के लिए डिस्पोजेबल प्लास्टिक के ढक्कन।

1 जुलाई 2025

**1 जुलाई 2025** से, निम्नलिखित की सप्लाई गैर-कानूनी है:

- ✖ एक्सपेंडेड प्लास्टिक पैकेजिंग (मोल्ड या कट किए हुए)।

## प्रतिबंधों को कैसे लागू किए जा रहा है?

जल और पर्यावरण विनियमन विभाग द्वारा प्लास्टिक के लिए WA की योजना को लागू किया जा रहा है। विभाग व्यवसायों और संगठनों के साथ मिलकर काम करेगा ताकि उनके द्वारा अपने दायित्वों को समझना सुनिश्चित किया जा सके। व्यवसायों द्वारा प्रतिबंध के बारे में और अधिक जानने और अनुपालन करने के तरीके को समझने में सहायता के लिए विभाग ने नेशनल रिटेल एसोसिएशन को नियुक्त किया है।

किसी प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तु के बारे में गलत या भ्रामक जानकारी देना अपराध है।

प्रति अपराध $5000 के जुर्माने लागू हैं।

ऊपर सूचीबद्ध प्रवर्तन तिथियों से, निम्नलिखित करना अपराध होगा:

- प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तु की सप्लाई करना
- गुब्बारे को छोड़ना या इसे छोड़े जाने का कारण/परमिट देना।

# प्रतिबंधित वस्तुएँ

## प्लास्टिक शॉपिंग बैगस (किसी भी मोटाई के)

महत्वपूर्ण!

2022 का प्रतिबंध हल्के भार वाले प्लास्टिक शॉपिंग बैग पर लगे पिछले प्रतिबंध का स्थान लेता है।

### 1 जुलाई 2022 से प्रतिबंधित




प्रतिबंध अब हैंडल वाले सभी प्लास्टिक शॉपिंग बैगों पर लागू है जिनका प्रयोग किसी व्यापार से सामान ले जाने के लिए किया जाता है, इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- प्लास्टिक फिल्म से बने शॉपिंग बैग चाहे इनकी मोटाई कुछ भी हो
- पेपर शॉपिंग बैग जिनपर प्लास्टिक लेमीनेशन लगा हो
- होम डिलीवरी या ऑनलाइन सेल्स के लिए प्रयोग किए जाने वाले उपरोक्त बैग।

प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू **नहीं** होता है:

- प्लास्टिक बैग जिनमें हैंडल न हो
- प्रोड्यूस बैग
- सीलबंद पैकेजिंग (जैसे कि ब्रेड के बैग)
- अन्य बैग जिनका प्रयोग किसी रिटेलर से सामान लाने के लिए न किया जाए (जैसे कि कूड़े, नैप्पियों या कुत्ते के मल के लिए बैग)।

### विकल्प



**सबसे पहले**, यह ग़ौर करें कि क्या आपको बैग की आपूर्ति करने की ज़रूरत है या नहीं। आप ग्राहकों को उनके खुद के बैग, स्टॉक बॉक्स लाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं या उन्हें ट्रालियाँ प्रदान कर सकते हैं।

**इसके बाद**, कपास, जूट, हेसियन, बांस या हेम्प (सन) जैसे फैब्रिक से बने दोबारा प्रयोग किए जाने वाले बैगों का इस्तेमाल करने पर ग़ौर करें। आप सिंथेटिक फैब्रिक जैसे नायलॉन, रीसाइकल्ड पॉलीथीन टेरेफ्थेलेट (PET) या पॉलीप्रोपाइलीन का भी उपयोग कर सकते/सकती हैं; लेकिन, बिना बुने पॉलीप्रोपाइलीन बैग (जैसे किनारे पर चित्रित किया हुआ हरा बैग) में सिले हुए सीम और इनका न्यूनतम वजन 90 gsm होना आवश्यक है।

प्लास्टिक या कम्पोस्टेबल प्लास्टिक फिल्म से बने हैंडल वाला कोई भी शॉपिंग बैग प्रतिबंधित है, चाहे इसकी पुनर्प्रयोग क्षमता कैसी भी हो।

**अंततः**, यदि आपको डिस्पोज़ेबल विकल्प की ज़रूरत हो, तो आप पेपर बैग का प्रयोग कर सकते/सकती हैं, परन्तु यह ज़रूरी है कि यह प्लास्टिक या सेलो लेमीनेटिड न हो।

# खुले फलों और सब्जियों के लिए प्रोड्यूस बैग

हर साल वेस्टर्न आस्ट्रेलियावासी 115 मिलियन से ज्यादा प्रोड्यूस बैग का इस्तेमाल करते हैं। इनमें से अधिकत्तर लैंडफिल में जाते हैं, लेकिन कई वातावरण में ही बिखरे रहते हैं, जो हमारे वन्य जीवन को नुकसान पहुंचाते हैं। वर्तमान में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया में प्रोड्यूस बैग के लिए बड़े पैमाने पर कोई रीसाइक्लिंग विकल्प नहीं हैं और ये बैग अन्य रीसाइक्लिंग स्ट्रीम को भी प्रदूषित करते हैं।

## 1 सितम्बर 2024 से प्रतिबंधित



यह प्रतिबंध खुले ताजे फलों और सब्जियों के लिए प्लास्टिक प्रोड्यूस बैग को बेचने और उनकी सप्लाई पर लागू होता है।

प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू **नहीं** होता है:

- खुले ताजे फलों और सब्जियों के अलावा किसी अन्य चीज़ (जैसे कि कच्चे मीट, बेकरी प्रोडक्ट, डेली वस्तुओं, क्राफ्टिंग वस्तुओं) के लिए उपयोग किए जाने वाले प्रोड्यूस बैग
- प्लास्टिक फैब्रिक जैसे पॉलिएस्टर या नायलॉन से बने दोबारा प्रयोग किए जाने योग्य प्रोड्यूस बैग
- पहले से ही पैक किए गए फल और सब्जियाँ (जैसे अंगूर और केले के बैग)
- ऑन-शेल्फ बेचे जाने वाले थोक बैग (जैसे फ्रीजर/सैंडविच/ज़िप-लॉक बैग)।
- ऑस्ट्रेलियाई कम्पोस्टिंग मानक (AS 4736:2006 या AS 5810:2010) प्राप्त प्लास्टिक प्रोड्यूस बैग

## विकल्प




**सबसे पहले**, ग्राहकों को खुली प्रोड्यूस को सीधे अपनी टोकरियों और ट्रॉलियों में, फिर सीधे तराजू पर रखने के लिए प्रोत्साहित करें। ऐसा करने से प्रोड्यूस बैग का उपयोग पूरी तरह से टाला जाता है और यह तरीका वर्तमान में अधिक लोकप्रिय होता जा रहा है। ग्राहकों को अपने दोबारा प्रयोग किए जाने योग्य बैग लाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा सकता है।

**इसके बाद**, यह गौर करें कि क्या आप खुली प्रोड्यूस या थोक प्रोड्यूस को वजन करने के लिए दुकान में उपलब्ध कैडीज़ दे सकते/सकती हैं या नहीं। फिर बेचते हुए खुली प्रोड्यूस को ग्राहक के दोबारा प्रयोग किए जाने योग्य बैग में डाला जा सकता है।

**अंततः**, डिस्पोजेबल विकल्प जैसे पेपर बैग या बक्से देने पर गौर करें। ऑस्ट्रेलियाई कम्पोस्टिंग मानक प्राप्त प्लास्टिक प्रोड्यूस बैग का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### अनुपालन के लिए सुझाव:

यदि ग्राहक के पास अपना प्रोड्यूस बैग है तो बैग के वजन को हटाना सुनिश्चित करें। ऐसा करने के लिए, आप निम्नलिखित कर सकते हैं:

- ग्राहकों के बैग से फलों या सब्जियों को निकालें और उन्हें वजन करने वाले स्थान पर रखें।
- विभिन्न सामान्य विकल्प जैसे पेपर बैग और दोबारा प्रयोग किए जाने योग्य फैब्रिक या मैश बैग का वज़न तोलते समय हटा दें। व्यवसाय अपने बिक्री केंद्र को अलग-अलग बैग के वज़न के लिए प्री-प्रोग्राम कर सकते हैं जिसमें से कर्मचारी या ग्राहक चयन कर सकते हैं।
- ग्राहकों को स्टोर में दोबारा प्रयोग किए जाने योग्य कैडी या बाल्टी दें जिसमें वे प्रोड्यूस डालें और बिक्री के स्थान तक ले जा सकें जहाँ पर इस कैडी या बाल्टी का ज्ञात वजन हटाया जा सके।

प्रतिबंध शुरू होने से पहले आपको अपने ग्राहकों को परिवर्तनों के बारे में संकेत-चिन्ह लगाकर जानकारी देने की सलाह दी जाती है। स्टोर में उपयोग करने के लिए (अनुवादित संसाधनों सहित) प्रिंट करने योग्य संसाधन प्लास्टिक प्रतिबंध WA वेबसाइट पर, अतिरिक्त डिजिटल संसाधन जैसे सोशल मीडिया टाइल्स विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

**महत्वपूर्ण:** वेस्टर्न ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा यह समीक्षा की जा रही है कि क्या ताज़े फलों और सब्जियों के लिए प्रयोग होने वाले बैरियर बैगों के अतिरिक्त दूसरे बैरियर बैगों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाना चाहिए, और क्या सभी प्रोड्यूस/बैरियर बैगों के लिए किसी डिज़ाइन मानक की आवश्यकता होनी चाहिए। व्यवसायों को सभी तरह के अपडेट प्राप्त करने के लिए वेबसाइट द्वारा पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।



# डिग्रेडेबल (नष्ट होने योग्य) प्लास्टिक

डिग्रेडेबल प्लास्टिक से तात्पर्य ऐसे प्लास्टिक से है जिनमें ऐसे योजक होते हैं जो कुछ परिस्थितियों के तहत उनके जल्दी टूटने या खंडित होने का कारण बनते हैं। हालाँकि शुरुआत में ऐसा माना गया था कि इस लक्षण से प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या का समाधान होगा, लेकिन यह साबित हुआ है कि प्लास्टिक के टुकड़े माइक्रोप्लास्टिक के रूप में वातावरण में बने रहते हैं, फूड चेन में प्रवेश करते हैं और कभी भी समाप्त नहीं होते हैं। डिग्रेडेबल प्लास्टिक रिसाइकलेबल वेस्ट स्ट्रीम को भी प्रदूषित करता है और उनमें मौजूद कुछ योजक वातावरण के लिए भी हानिकारक हो सकते हैं।

डिग्रेडेबल के रूप में की गई लेबलिंग या प्रचार अक्सर भ्रम पैदा करता है और इससे व्यवसायों और उपभोक्ताओं को यह विश्वास होता है कि वे वातावरण के लिए अनुकूल विकल्प चुन रहे हैं, जोकि असल में गुमराह करने वाला होता है। प्रमाणित कम्पोस्टबल प्रोडक्ट्स में आम तौर पर ये योजक नहीं होते हैं और वे लंबे समय तक प्राकृतिक रूप से कम्पोस्ट होते हैं।

## 1 सितम्बर 2023 से प्रतिबंधित










**महत्वपूर्ण:** यह एक प्रकार की सामग्री पर प्रतिबंध है और यह किसी विशेष प्लास्टिक वस्तु विशिष्ट नहीं है। यह सभी प्रोडक्ट्स, पैकेजिंग और अन्य उपयोगों पर लागू होता है।

यह प्रतिबंध सभी डिग्रेडेबल प्लास्टिक पर लागू होता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- ऑक्सो-डिग्रेडेबल
- फोटो-डिग्रेडेबल
- लैंडफिल- डिग्रेडेबल
- कोई भी अन्य प्लास्टिक सामग्री जिसे शीघ्रता से खंडित होने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

डिग्रेडेबल प्लास्टिक को स्पष्ट रूप से लेबल नहीं किया जा सकता है, और उपरोक्त परिभाषित शब्दों का उपयोग करके कई डिग्रेडेबल प्लास्टिक पर लेबल लगाया जाता है या उनका प्रचार किया जाता है। कुछ को 'बायोडिग्रेडेबल' के रूप में प्रचारित किया जाता है, लेकिन वे कंपोस्टिंग प्रमाण या प्रोडक्ट के डिग्रेडेबल प्लास्टिक की तरह टुकड़ों में खंडित होने के बजाय नष्ट होने के तरीके का प्रमाण देने में विफल होते हैं।

हालाँकि बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक के लिए कंपोस्टिंग प्रमाण अनिवार्य नहीं है, लेकिन विनिर्माता द्वारा ऐसे प्रमाण देना आवश्यक है जो यह दर्शाये कि प्लास्टिक कार्बन डाइऑक्साइड, पानी, बायोमास और खनिज अवशेषों में सूक्ष्मजीवों द्वारा विखंडित किया जा सकता है, और इसमें प्लास्टिक के विखंडन में तेजी लाने वाला कोई भी योजक शामिल नहीं है।

डिग्रेडेबल प्लास्टिक आमतौर पर सॉफ्ट प्लास्टिक में पाए जाते हैं। सामान्य उदाहरणों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- कुत्ते का मल
- ड्राई-क्लीनिंग बैग और गारमेंट बैग
- मैगज़ीन रैप्स
- बिन लाइनर्स
- कृषि संबंधी सॉफ्ट प्लास्टिक प्रोडक्ट्स।

## विकल्प





दोबारा प्रयोग किए जाने योग्य या रिसाइकल होने वाले सॉफ्ट प्लास्टिक प्रोडक्ट को विखंडित योजक के बिना बनाया जा सकता है।

वैकल्पिक रूप से, औद्योगिक (AS 4736:2006) या घरेलू (AS 5810:2010) कंपोस्टिंग के ऑस्ट्रेलियाई मानक (AS ) पर खरा उतरने वाले कंपोस्टेबल बायोप्लास्टिक्स का उपयोग करके प्रोडक्ट्स (उत्पादों) को बनाया जा सकता है।

**सबसे पहले**, यह गौर करें कि क्या प्लास्टिक के इस्तेमाल को टाला जा सकता है। ग्राहक को कोई भी अनावश्यक प्लास्टिक की आपूर्ति करने से बचें।

**इसके बाद**, AS-प्रमाणित कंपोस्टेबल बायोप्लास्टिक्स का उपयोग करने या आपूर्ति करने पर गौर करें।

**अंतत:**, ऐसे सॉफ्ट प्लास्टिक का उपयोग करने या आपूर्ति करने पर गौर करें जिसमें विखंडन में तेजी लाने वाले योजक न हो।

## अनुपालन के लिए सुझाव:

क्या आपके पास कोई ऐसा प्रोडक्ट है जो कुछ समय उपयोग करने के बाद विखंडित हो जाता है या फिर आप किसी नए प्रोडक्ट की डिग्रेडेबिलिटी के बारे में अनिश्चित हैं?

डिग्रेडेबल प्लास्टिक प्रोडक्ट्स की पहचान करना मुश्किल हो सकता है। निम्नलिखित चरणों का पालन करके शुरुआत करें:

1. जांच करें कि क्या 'डिग्रेडेबल', 'ऑक्सो-डिग्रेडेबल', 'फोटो-डिग्रेडेबल', 'लैंडफिल-डिग्रेडेबल' या 'फ्रैगमेंटिंग' जैसे शब्दों से प्रोडक्ट का वर्णन किया गया है। यदि ऐसा है, तो इसमें डिग्रेडेबल प्लास्टिक होने की संभावना है।
2. देखें कि क्या ऑस्ट्रेलियाई मानक कंपोस्टेबिलिटी प्रमाण का लोगो लगा है। यह दर्शाता है कि प्रोडक्ट कंपोस्टेबल है और इसमें डिग्रेडेबल प्लास्टिक नहीं है।
3. प्रोडक्ट वितरक या विनिर्माता से पूछें कि क्या प्लास्टिक प्रोडक्ट में ऐसे योजक शामिल हैं जो कुछ परिस्थितियों में प्लास्टिक विखंडन को तेज कर देते हैं।

यदि आप अभी भी अविश्वस्त हैं, तो सहायता के लिए विभाग की प्लास्टिक टीम से plastic-action@dwer.wa.gov.au पर संपर्क करें।

# माइक्रोबीड्स

व्यक्तिगत देखभाल, सौंदर्य प्रसाधनों और सफाई उत्पादों में उपस्थित प्लास्टिक माइक्रोबीड्स वेस्टवाटर सिस्टम में जाते हैं, इनके द्वारा वे हमारे महासागरों और जलमार्गों में प्रवेश करते हैं और यदि वन्यजीव इन्हें खा या निगल लेते हैं तो ये उनके लिए  खतरनाक साबित होते हैं।

पूरे ऑस्ट्रेलिया में व्यक्तिगत देखभाल, सौंदर्य प्रसाधन और सफाई प्रोडक्ट्स में प्लास्टिक माइक्रोबीड्स को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए स्वैच्छिक समझौता (बीडरेसिडे के नाम से) 2017 से लागू है। 2020 में संबंधित प्रोडक्ट्स के सर्वेक्षण में यह पाया गया कि 99.3 प्रतिशत माइक्रोबीड मुक्त थे, लेकिन बाकी के अधिकत्तर माइक्रोबीड्स वाले प्रोडक्ट्स का उपयोग व्यक्तिगत देखभाल प्रोडक्ट्स जैसे फेस स्क्रब के लिए किया जाता है।

## 1 सितम्बर 2023 से प्रतिबंधित



यह प्रतिबंध माइक्रोबीड्स वाले व्यक्तिगत देखभाल सौंदर्य प्रसाधनों और सफाई प्रोडक्ट्स पर लागू होता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- डाई, शैम्पू, कंडीशनर, शेविंग क्रीम, हेयरस्प्रे, जैल, क्रीम, पेस्ट, स्क्रब, एक्सफोलिएंट, मास्क और चेहरे, हाथ और शरीर के लिए क्लींजर जैसे साफ़ करने वाले प्रोडक्ट्स
- टूथपेस्ट, माउथवॉश और टूथ व्हाइटनर प्रोडक्ट्स सहित ओरल स्वच्छता वाले प्रोडक्ट्स
- इनडोर और आउटडोर कमर्शियल, औद्योगिक और आवासीय सेटिंग्स में उपयोग होने वाले क्लीनिंग प्रोडक्ट्स।

प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू **नहीं** होता है:

- सनस्क्रीन, मॉइस्चराइज़र और मेकअप जैसे वाइप-ऑफ प्रोडक्ट्स
- मॉइस्चराइज़र, डिओडोरेंट, मेकअप और लिपस्टिक जैसे लीव-ऑन व्यक्तिगत देखभाल प्रोडक्ट्स
- प्रिंटिंग अनुप्रयोग जैसे टोनर और टेक्सटाइल प्रिंटिंग प्रोडक्ट्स
- क्राफ्ट ग्लिटर
- औद्योगिक और चिकित्सा अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक प्रोडक्ट्स (क्लीनिंग प्रोडक्ट्स के अलावा)।

## विकल्प





प्यूमिस और नमक जैसी सामग्रियों से बने समान अपघर्षक, एक्सफ़ोलिएंट, फ़िलर  और सौंदर्य संबंधी गैर-प्लास्टिक प्रोडक्ट - 99 प्रतिशत से अधिक उत्पादों में उपलब्ध हैं। दोबारा प्रयोग किए जाने योग्य एक्सफोलिएंट प्रोडक्ट जैसे ब्रश और लूफा का उपयोग रिंस-ऑफ एक्सफोलिएंट को बदलने के लिए किया जा सकता है।

# प्लास्टिक के डंडे वाले कॉटन बड्स

प्लास्टिक के डंडे वाले कॉटन बड्स आम प्रयोग में आने वाली एकल-उपयोग प्लास्टिक वस्तु हैं जो वातावरण में फेंके जाने पर वन्यजीवों के लिए समस्याएँ पैदा कर सकते हैं। कई उद्योग और निर्माता प्लास्टिक-मुक्त विकल्पों को अपनाने में सक्रिय रहे हैं।

## 1 सितम्बर 2023 से प्रतिबंधित



यह प्रतिबंध प्लास्टिक के डंडे वाले कॉटन बड्स पर लागू होता है, जिसमें डिग्रेडेबल प्लास्टिक और बायोप्लास्टिक सामग्री से बने डंडे भी शामिल हैं।

प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू **नहीं** होता है:

- पेशेवर चिकित्सा, पशु चिकित्सा, वैज्ञानिक, फोरेंसिक और कानून-प्रवर्तन उद्देश्यों में प्रयोग होने वाले कॉटन बड्स और स्वाब
- रैपिड एंटीजन परीक्षण सहित अन्य परीक्षण किट में शामिल कॉटन बड्स और स्वाब
- किसी सेट में पहले से शामिल एप्लिकेटर, जैसे कि कॉस्मेटिक किट्स में
- दोबारा प्रयोग किए जाने योग्य प्लास्टिक कॉटन बड्स।

## विकल्प





कंपोस्टेबल डंडों (जैसे बांस, कार्डबोर्ड या गन्ना) से बने एकल-उपयोग कॉटन बड्स व्यापक रूप से उपलब्ध हैं। दोबारा प्रयोग किए जाने योग्य प्लास्टिक कॉटन बड्स भी अनुमत विकल्प हैं।

# गर्म और ठंडे पेय पदार्थों के लिए कप

गर्म और ठंडे पेय पदार्थों के लिए एकल-उपयोग कप विभिन्न प्लास्टिक सामग्रियों से बनाए जा सकते हैं। ठंडे पेय कपों पर 1 अक्टूबर 2022 के प्रतिबंध से पहले, इन कपों की सप्लाई आमतौर पर क्लिअर प्लास्टिक या क्लिअर बायोप्लास्टिक कप में की जाती थी। गर्म पेय पदार्थों की सप्लाई आमतौर पर प्लास्टिक-लाइन वाले पेपरबोर्ड या विस्तारित पॉलीस्टाइन कप में की जाती है।

यह पृष्ठ केवल कपों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। 1 मार्च 2024 से प्लास्टिक कप के ढक्कन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है - और अधिक जानकारी गर्म और ठंडे पेय पदार्थों के लिए कप के ढक्कन के अंतर्गत प्रदान की गई है।

## 1 अक्तूबर 2022 से प्रतिबंधित



प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू है:

- कोल्ड ड्रिंक के लिए उपयोग किए जाने वाले डिस्पोजेबल प्लास्टिक वाइन ग्लास/फ्लूट और शॉट ग्लास सहित किसी भी आकार के डिस्पोजेबल प्लास्टिक कप या प्लास्टिक गिलास
- कंपोस्टेबल अप्रमाणित डिस्पोजेबल प्लास्टिक-लाइन वाले पेपर/फाइबर कप
- पूरी तरह से PLA जैसे कंपोस्टेबल प्लास्टिक से बने हुए डिस्पोजेबल कप

## 1 सितम्बर 2023 से प्रतिबंधित



प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू है:

- किसी भी आकार के विस्तृत पॉलीस्टाइरीन कप।

## 1 मार्च 2024 से प्रतिबंधित



प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू है:

- चाय, कॉफी और हॉट चॉकलेट जैसे गर्म पेय के लिए किसी भी आकार के डिस्पोजेबल प्लास्टिक कप
- कम्पोस्टबल अप्रमाणित डिस्पोजेबल प्लास्टिक-परत वाले पेपर/फाइबर कप।

प्लास्टिक कप पर प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू **नहीं** होता है:

- औद्योगिक कम्पोस्टिंग (AS 4736: 2006) या होम कम्पोस्टिंग (AS 5810: 2010) के लिए ऑस्ट्रेलियाई मानक प्राप्त प्लास्टिक या बायोप्लास्टिक की परत या कोटिंग वाले डिस्पोजेबल पेपर या फाइबर कप
- प्लास्टिक पेय कंटेनर जैसे सॉफ्ट ड्रिंक/जूस की बोतलें या जार (हालांकि, राज्य सरकार की कंटेनर फॉर चेंज कंटेनर डिपाजिट स्कीम के तहत इनकी बाध्यता हो सकती है)
- भोजन के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले कंटेनर (जैसे कि, आइसक्रीम या सूप के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले कंटेनर को 'कप' कहा जा सकता है लेकिन इस प्रतिबंध के तहत इसे कटोरे के रूप में जाना गया है - फूडवेयर (प्लेटें, कटोरे, ट्रे और कंटेनर) देखें)
- दोबारा इस्तेमाल होने वाले, मजबूत और टिकाऊ रियूज़ेबल प्लास्टिक कप
- पहले से ही पैक प्रोडक्ट जैसे कि नूडल पैक के लिए इस्तेमाल होने वाले विस्तारित पॉलीस्टाइन कप

## विकल्प



**सबसे पहले**, यह ग़ौर करें कि क्या ग्राहकों को अपने खुद के कप लाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। वैकल्पिक रूप से, कप एक्सचेंज योजना में शामिल होने या अपने ग्राहकों के लिए कप रिटर्न योजना शुरू करने के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए प्लास्टिक फ्री प्लेसिस से संपर्क करें।

**इसके बाद**, सिरेमिक या धातु जैसे दोबारा प्रयोग किए जाने योग्य विकल्पों पर गौर करें। यदि अधिकांश ग्राहक स्थल पर (ऑनसाइट) ही ड्रिंक करते हैं तो आप धोई जाने वाली वस्तुओं का प्रयोग करके पैसों और कूड़े की बचत कर सकते/सकती हैं।

**अंततः**, यदि आपको डिस्पोजेबल विकल्पों की आवश्यकता है, तो औद्योगिक कम्पोस्टिंग (*AS 4736: 2006*) या होम कम्पोस्टिंग (*AS 5810: 2010*) के लिए ऑस्ट्रेलियाई मानक प्राप्त परत/कोटिंग वाले पेपर या फाइबर कप पर गौर करें।

### क्या आप जानते हैं?

**अधिकतर पेपर या फाइबर आधारित कपों में प्लास्टिक या बायोप्लास्टिक परत या कोटिंग होती है जो उन्हें जलरोधी (वाटरप्रूफ) बनाती है।**

### अनुपालन के लिए सुझाव:

- गर्म और ठंडे पेय पदार्थों के लिए अनुरूप कपों को लेते समय, आप अपने सप्लायर से यह जानना सुनिश्चित करें कि कप के अंदर लगाई गई परत या कोटिंग नियमों के अनुरूप ही हो।
- औद्योगिक कम्पोस्टिंग (*AS 4736:2006*) या होम कम्पोस्टिंग (*AS 5810:2010*) के लिए ऑस्ट्रेलियाई मानक प्राप्त परत या कोटिंग वाले पेपर कप अनुपालन योग्य होते हैं। इन प्रमाणों के बिना, दावों या लेबल पर विश्वास न करें। कंपोस्टिंग प्रमाण के बारे में और अधिक जानकारी WA प्लास्टिक्स प्रतिबंध वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- पूर्ण रूप से बायोप्लास्टिक से बनी वस्तुओं (जैसे कि पॉलीलैक्टिक एसिड [PLA] से बने क्लियर कप) की अनुमति नहीं है, फिर चाहे वे प्रमाणित ही क्यों न हों। ऐसा इसलिए है क्योंकि बायोप्लास्टिक्स प्लास्टिक ही होता है और वातावरण में किसी भी साधारण प्लास्टिक की तरह ही रहता है। बायोप्लास्टिक्स किसी भी अन्य प्लास्टिक जैसे कि PET से आसानी से अलग नहीं किये जा सकते हैं इसलिए वे रीसाइक्लिंग प्रक्रियाओं को प्रदूषित करते हैं।
- प्रतिबंध शुरू होने से पहले, अपने गैर-अनुपालक स्टॉक का इस्तेमाल करना और इसे अनुपालन स्टॉक में बदल लेना सुनिश्चित करें, क्योंकि आप प्रवर्तन तिथियों के बाद प्रतिबंधित कप की आपूर्ति नहीं कर सकते हैं, फिर चाहे इन्हें आपने 1 मार्च 2024 से पहले ही खरीदा हो।

# गर्म और ठंडे पेय पदार्थों के कप के ढक्कन

गर्म और ठंडे पेय पदार्थों के लिए हर साल वेस्टर्न ऑस्ट्रेलियावासी 250 मिलियन से अधिक प्लास्टिक कप ढक्कन का उपयोग करते हैं। प्लास्टिक के ढक्कन आमतौर पर कूड़े में बिखरे रहते हैं। इनमें से बहुत तो रीसाइक्लेबल सामग्रियों से नहीं बने होते हैं और रीसाइक्लिंग प्रक्रियाओं को प्रदूषित करते हैं। प्लास्टिक-परत वाला पेपरबोर्ड भी कम्पोस्टिंग और रीसाइक्लिंग प्रक्रियाओं को प्रदूषित करता है।

यह पृष्ठ कप के ढक्कन के बारे में जानकारी प्रदान करता है। 1 मार्च 2024 से प्लास्टिक कप पर प्रतिबंध लगा दिया गया है - और अधिक जानकारी गर्म और ठंडे पेय पदार्थों के लिए कप के अंतर्गत प्रदान की गई है। सितंबर 2024 में कंटेनरों और कटोरियों के लिए प्लास्टिक के ढक्कनों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है - अधिक जानकारी फूडवेयर (प्लेट, कटोरे, ट्रे और कंटेनर) के अंतर्गत प्रदान की गई है।

**महत्वपूर्ण!**

कप के ऊपरी भाग में उष्ण-सीलबंद फिल्म सहित ढक्कनों में सख्त या अनुकूलनशील ढक्कन भी शामिल होते हैं।

## 1 मार्च 2024 से प्रतिबंधित





प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू है:

- सभी गर्म और ठंडे कपों के लिए डिस्पोजेबल प्लास्टिक कप के ढक्कन
- प्लास्टिक या बायोप्लास्टिक परत वाले पेपरबोर्ड/फाइबर कप के ढक्कन
- संपूर्ण रूप से बायोप्लास्टिक से बने हुए बायोप्लास्टिक ढक्कन
- प्रमाणित कंपोस्टेबल प्लास्टिक ढक्कन
- प्लास्टिक या बायोप्लास्टिक से बनी उष्ण-सीलबंद फिल्में।

प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू **नहीं** होता है:

- बिना कोटिंग वाले और संपूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त पेपरबोर्ड/फाइबर के ढक्कन
- धोने और दोबारा इस्तेमाल के लिए डिज़ाइन किए गए दोबारा प्रयोग किए जाने योग्य प्लास्टिक कप के ढक्कन (उदाहरण के लिए 'अपने पास रखे जाने वाले' कप के रूप में)।

## विकल्प




**सबसे पहले**, ग्राहकों को अपने खुद के ढक्कन वाले कप लाने या डिस्पोजेबल ढक्कन के बिना जाने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे भी बेहतर यह होगा, अपने ग्राहकों के लिए कप एक्सचेंज योजना में शामिल होने या कप रिटर्न योजना शुरू करने के बारे में और अधिक जानकारी के लिए प्लास्टिक फ्री प्लेस से संपर्क करें।

**इसके बाद**, सिरेमिक या धातु जैसे दोबारा प्रयोग किए जाने योग्य विकल्पों पर गौर करें। यदि अधिकांश ग्राहक स्थल पर (ऑनसाइट) ही ड्रिंक करते हैं तो आप धोई जाने वाली वस्तुओं का प्रयोग करके पैसों और कूड़े की बचत कर सकते/सकती हैं।

**अंततः**, यदि आपको डिस्पोजेबल कप ढक्कन की आवश्यकता है, तो यह आवश्यक है कि वे बिना कोटिंग के और संपूर्ण रूप से पेपरबोर्ड या फाइबर से (प्लास्टिक या बायोप्लास्टिक परत या कोटिंग के बिना) बने हों। बिना कोटिंग के पेपरबोर्ड और गन्ने का गूदा (जिसे खोई भी कहा जाता है) स्वीकार योग्य सामग्रियों में शामिल हैं।

**क्या आप जानते हैं?**

**प्लास्टिक-परत वाले पेपरबोर्ड ढक्कन, गैर-परत संपूर्ण-पेपरबोर्ड/फाइबर ढक्कन जैसे ही दिखते हैं।**

**अनुपालन के लिए सुझाव:**

- अपने सप्लायर को बताएं कि आप संपूर्ण पेपरबोर्ड/फाइबर, गैर-परत और प्लास्टिक मुक्त ढक्कन चाहते हैं। आपको उन्हें यह याद करवाने की आवश्यकता हो सकती है कि प्रमाणित कंपोस्टेबल प्लास्टिक ढक्कन (जैसे कि PLA) की अनुमति **नहीं** है।
- सुनिश्चित करें कि ये कप ढक्कन आपके अनुपालन वाले कप के स्टॉक के लिए उचित हैं। गर्म और ठंडे पेय पदार्थों के लिए कप देखें।

# प्लास्टिक स्ट्रॉ और कटलरी

## 1 जुलाई 2022 से प्रतिबंधित



प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू है:

- डिस्पोज़ेबल प्लास्टिक स्ट्रा
- डिस्पोज़ेबल प्लास्टिक स्टरर और स्विजल स्टिक्स
- डिस्पोज़ेबल प्लास्टिक कांटे, चम्मच, छुरियाँ, स्पार्क्स, स्प्लेड्स, चॉपस्टिक्स और फूड पिक्स।

प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू **नहीं** होता है:

- भोजन पकाने या इसे परोसने के लिए प्रयोग किए जाने वाले बर्तन (जैसे कि चिमटे, केक सर्वर)
- ऐसी वस्तुएं जो प्री-पैकेज्ड फूड और पेय पदार्थों के साथ होती हैं (जैसे कि जूस के डिब्बे के साथ लगी हुई स्ट्रॉ)
- स्ट्रॉ के उपयोग में छूट, जिसमें चिकित्सा देखभाल प्रदाता द्वारा किसी देखभाल सुविधा-केन्द्र में, या किसी विमान के संबंध में आपूर्ति शामिल है।

## विकल्प



**सबसे पहले**, ग़ौर करें कि क्या आपको स्ट्रा, स्टरर या कटलरी उपलब्ध कराने की ज़रूरत है या नहीं, विशेषकर यदि आपके कई ग्राहक घर या कार्यालय में आपके उत्पादों का सेवन करते हैं तो।

**इसके बाद**, धातु, बांस, सिलीकोन या शीशे जैसे दोबारा प्रयोग किए जाने योग्य बर्तनों पर ग़ौर करें। आप ग्राहकों को उनके खुद के द्वारा दोबारा प्रयोग किए जाने वाले बर्तन लाने के लिए भी प्रोत्साहित कर सकते हैं जो सुविधाजनक किट्स में उपलब्ध होते हैं।

**अंततः**, यदि आपको डिस्पोज़ेबल विकल्पों की ज़रूरत है, तो बिना परत वाले कागज, लकड़ी, अनाज या बांस के विकल्पों पर ग़ौर करें।

**महत्वपूर्ण!**

ऐसे बर्तन जिनमें 'पौधा-आधारित' या कम्पोस्टेबल प्लास्टिक किसी भी प्रकार से शामिल हों,उनकी अनुमति **नहीं** है। गन्ने या कॉर्नस्टार्च से बनी कई स्ट्रॉ और कटलरी में बायोप्लास्टिक्स होता है और इसलिए उन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**स्ट्रा के लिए छूट:** व्यापार कुछ निश्चित परिस्थितियों में डिस्पोज़ेबल प्लास्टिक स्ट्रा सप्लाई कर सकते हैं ताकि विकलाँगता या चिकित्सीय आवश्यकता वाले लोगों के लिए सुलभता सुनिश्चित की जा सके। ऐसे मामलों में:

- व्यापार प्लास्टिक स्ट्रा को नज़रों से दूर रख सकते हैं और जब कोई ग्राहक फूड या ड्रिंक सप्लाई के भाग के तौर पर इसका निवेदन करे तो वे तब उन्हें प्लास्टिक स्ट्रा दे सकते हैं । आपके लिए कारण पूछना ज़रूरी नहीं है और आप प्लास्टिक स्ट्रा प्रदान करने के लिए बाध्य नहीं हैं।
- अधिकृत संगठनों और देखभाल सुविधाओं द्वारा प्लास्टिक स्ट्रॉ के पैक की आपूर्ति की जा सकती है (स्टेज 1 प्रतिबंध – प्लास्टिक ड्रिंकिंग स्ट्रॉ फैक्ट शीट में सूची देखें)।
- यदि विनिर्माता के पास यह विश्वास करने के यथोचित कारण हैं कि इनका प्रयोग केवल उपरोक्त प्रयोजनों के लिए ही होगा तो वे ग्राहकों को प्लास्टिक स्ट्रा की सप्लाई कर सकते हैं।

# फूडवेयर (प्लेटें, कटोरे, ट्रे और कंटेनर)

हर साल वेस्टर्न ऑस्ट्रेलियावासी टेकअवे या ईट-इन फूड के लिए उपयोग किए जाने वाले डिस्पोजेबल प्लास्टिक कंटेनर, कटोरे, प्लेट और ट्रे के लिए 130 मिलियन से अधिक ढक्कन का उपयोग करते हैं। आमतौर पर ये फूडवेयर कूड़े में बिखरे रहते हैं और आसानी से रीसाइक्ल करने योग्य नहीं होते हैं, जिसके परिणाम स्वरूप रीसाइक्लिंग प्रणालियाँ भी प्रदूषित हो जाती हैं।

जहाँ स्टेज 1 प्रतिबंध बिना ढक्कन वाले फूडवेयर पर आधारित था, वहीं स्टेज 2 प्रतिबंध टेकअवे और ईट-इन फूड के लिए उपयोग किए जाने पर ढक्कन वाले फूडवेयर पर आधारित है। प्रोडक्ट सप्लाई की परिस्थितियों के अनुसार प्रतिबंध अलग-अलग तरह से लागू होगा।

जुलाई 2022 में स्टेज 1 के तहत डिस्पोजेबल बिना ढक्कन वाली प्लेटें, कटोरे, विस्तारित प्लास्टिक (जैसे EPS) ट्रे और कंटेनरों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

स्टेज 2 में टेकअवे फूड या ईट-इन फूड के लिए उपयोग की जाने वाली डिस्पोजेबल बिना ढक्कन वाली प्लास्टिक ट्रे को शामिल किया गया है, जो 1 मार्च 2024 से लागू होगा। स्टेज 2 में ढक्कन के साथ आपूर्ति किए जाने वाले डिस्पोजेबल प्लास्टिक कंटेनर, कटोरे, प्लेट और ट्रे पर भी प्रतिबंध लगा दिया जाएगा, जो 1 सितंबर 2024 से लागू होगा।

## 1 जुलाई 2022 से प्रतिबंधित




1 जुलाई 2022 का प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू होता है:

- डिस्पोजेबल बिना ढक्कन वाली प्लास्टिक प्लेटें, कटोरे या कंटेनर
- बिना ढक्कन वाले डिस्पोजेबल प्लास्टिक फूडवेयर पैक।

इसमें संपूर्ण रूप से प्लास्टिक या बायोप्लास्टिक से बनी हुई वस्तुएं शामिल हैं।

1 जुलाई 2022 का प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू **नहीं** होता है:

- कच्चे मीट या सीफूड के लिए डिस्पोजेबल प्लास्टिक ट्रे
- प्लास्टिक या बायोप्लास्टिक परत वाले पेपर/फाइबर से बनी बिना ढक्कन वाली प्लेटें, कटोरे, ट्रे और फूड कंटेनर, जहाँ संपूर्ण प्रोडक्ट AS मानकों के तहत कम्पोस्टेबल प्रमाणित होता है (कृपया ध्यान दें कि यह आवश्यक है कि पेपर प्लेट प्लास्टिक मुक्त हो)
- भोजन परोसे जाने पर ढक्कन वाले कटोरे, ट्रे या फूड कंटेनर (1 सितंबर 2024 तक, जबसे ढक्कन वाले फूडवेयर प्रतिबंधित हैं)
- भोजन या पेय पदार्थ जिन्हें पहले से ही ऑफसाइट पैक किया गया है (उदाहरण के लिए फ्रोजन फूड के लिए ट्रे)
- दोबारा प्रयोग किए जाने योग्य प्लास्टिक फूडवेयर
- भोजन परोसने के लिए बड़े बर्तन, केटरिंग प्लैटर्स और उनके ढक्कन (उदाहरण के लिए बड़े प्लैटर्स)।



## 1 मार्च 2024 से प्रतिबंधित



1 मार्च 2024 का प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू होता है:

- डिस्पोजेबल प्लास्टिक बिना ढक्कन वाली फूड ट्रे, जैसे सुशी ट्रे और बेंटो बक्से।






1 मार्च 2024 का प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू **नहीं** होता है:

- औद्योगिक (AS 4736:2006) या घरेलू (AS 5810:2010) कंपोस्टिंग के लिए ऑस्ट्रेलियाई मानक द्वारा प्रमाणित कंपोस्टेबल परत पेपरबोर्ड ट्रे
- ऐसी ट्रे जिनमें भोजन परोसते समय ढक्कन लगा हो (1 सितंबर 2024 तक, जबसे ढक्कन वाले टेकअवे फूडवेयर पर प्रतिबंध है)
- दोबारा प्रयोग किए जाने योग्य प्लास्टिक ट्रे
- कच्चे मीट और सीफूड के लिए प्लास्टिक ट्रे (उदाहरण के लिए कसाई और सुपरमार्केट मीट सेक्शन से)
- भोजन या पेय पदार्थ जिन्हें पहले से ही ऑफसाइट पैक किया गया है (उदाहरण के लिए फ्रोजन फूड के लिए ट्रे)।

## 1 सितम्बर 2024 से प्रतिबंधित





1 सितम्बर 2024 का प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू होता है:

- प्लास्टिक के ढक्कन (सख्त या अनुकूलनशील ढक्कन,उष्ण-सीलबंद फिल्म या विन्डो) सहित कटोरे, ट्रे या कंटेनर जिनका प्रयोग फूड टेकअवे या ईट-इन फूड के लिए किया जाता है और जो पहले से पैक नहीं होते हैं
- ढक्कन वाले प्लास्टिक के कटोरे, ट्रे या कंटेनर जिनका प्रयोग टेकअवे या ईट-इन फूड के लिए किया जाता है, लेकिन जिन्हें पहले छूट दी गई थी क्योंकि उन्हें ढक्कन के साथ परोसा जाता था।
- ढक्कन वाले डिस्पोजेबल प्लास्टिक फूडवेयर के पैक।




1 सितम्बर 2024 का प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू **नहीं** होता है:

- प्लास्टिक या बायोप्लास्टिक कोटिंग के साथ मुख्य रूप से पेपर या फाइबर से बने हुए ढक्कन या ढक्कन वाले फूडवेयर, जहाँ सम्पूर्ण वस्तु औद्योगिक (AS 4736:2006) या घरेलू (AS 5810:2010) कम्पोस्टिंग के लिए ऑस्ट्रेलियाई मानक प्रमाणित होती है।
- भोजन जिसे पहले ही साइट से बाहर पैक किया गया है (P19 पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) 2 देखें)
- डिस्प्ले पर रखे हुए प्री-पैक्ड टेकअवे फूड के प्लास्टिक ढक्कन और विंडोज (P19 पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) 2 देखें)
- दोबारा प्रयोग किए जाने वाले फूडवेयर जिन्हें धोने और निरंतर उपयोग के लिए डिज़ाइन किया गया है
- ढक्कन वाले फूडवेयर जिनमें भोजन की ऐसी सामग्री होती है जिसे ईट-इन फूड या टेकअवे फूड नहीं माना जाता है (P19 पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) 3 देखें)।

## विकल्प









**सबसे पहले**, यह ग़ौर करें कि क्या ग्राहक अपने खुद के फूडवेयर ला सकते हैं।

**इसके बाद**, चीनी मिट्टी, धातु, बांस, कांच या मोटे पुन: प्रयोग किए जाने वाले प्लास्टिक जैसे दोबारा इस्तेमाल किए जाने वाले विकल्पों पर ग़ौर करें। यदि आपके अधिकांश ग्राहक स्टोर में बैठकर खाते हैं तो आप धोई जा सकने वाली वस्तुओं का प्रयोग करके पैसों और कूड़े की बचत कर सकते/सकती हैं।

**अंततः**, यदि आपको डिस्पोज़ेबल विकल्पों की ज़रूरत है, तो बिना परत वाले कागज, बांस, लकड़ी या गन्ने के गूदे पर ग़ौर करें।

### महत्वपूर्ण!

संपूर्ण रूप से बायोप्लास्टिक से बनी वस्तुओं की अनुमति नहीं है (फिर चाहे ही वे कंपोस्टेबल प्रमाणित हों)।

# फूडवेयर संबंधी अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs)

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न 1:
## क्या मेरी वस्तु कटोरा, फूड कंटेनर या कप है?

यदि इसमें भोजन है और यह गोलाकार है, तो यह कटोरा है। 1 जुलाई 2022 से कटोरों (ढक्कन रहित) पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। लेकिन, यदि इसमें ढक्कन है और इसे टेकअवे फूड या ईट-इन फूड के साथ दिया गया है, तो संपूर्ण वस्तु (तल और ढक्कन) पर 1 सितंबर 2024 तक प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

यदि इसमें भोजन है और यह गोलाकार नहीं है, तो यह फूड कंटेनर है। 1 जुलाई 2022 से फूड कंटेनर पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। लेकिन, यदि इसमें ढक्कन है और इसे टेकअवे फूड या ईट-इन फूड के साथ दिया गया है, तो संपूर्ण वस्तु (तल और ढक्कन) पर 1 सितंबर 2024 तक प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

यदि इसमें कोई पेय पदार्थ है, तो यह कप है। गर्म और ठंडे पेय पदार्थों के लिए कप देखें।

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न 2:
## प्री-पैकेज्ड या प्री-पैक्ड टेकअवे फूड पर कौन-कौन से नियम लागू होते हैं?

**प्री-पैकेज्ड प्रोडक्ट** से तात्पर्य ऐसे प्रोडक्ट से है जो:

a) प्रोडक्ट किसी कंटेनर या पैकेजिंग या सम्पूर्ण रूप से बंद रूप में उस स्थान पर पहुँचता है जहाँ से इसे ग्राहक को सप्लाई करना है, चाहे प्रोडक्ट की एक या एक से अधिक मात्रा के लिए बाहरी कंटेनर या पैकेजिंग हो या नहीं हो

b) ग्राहक को सप्लाई करने से पहले, किसी भी बाहरी कंटेनर या पैकेजिंग के अलावा, प्रोडक्ट को इसके कंटेनर या पैकेजिंग से निकालने के लिए डिज़ाइन नहीं किया गया है।

उदाहरण के लिए, प्री-पैकेज्ड प्रोडक्ट से तात्पर्य ऐसे प्रोडक्ट से है जिसे साइट से बाहर बनाया और पैक किया जाता है और ग्राहक को बेचने से पहले इसमें बदलाव नहीं किया जाता है, जैसे कि सैंडविच या सलाद जिसे थोक फूड विनिर्माता द्वारा बनाया और पैक किया जाता है और फिर शेल्फ पर रखने के लिए कई दुकानों में वितरित कर दिया जाता है। यदि फूड प्री-पैकेज्ड प्रोडक्ट है, तो **प्रतिबंध लागू नहीं होता है** और फूडवेयर का तल और ढक्कन दोनों प्लास्टिक के हो सकते हैं। कृपया अपनी परिस्थितियों के मुताबिक सबसे सही पैकेजिंग पर गौर करें और जहाँ तक संभव हो सके प्लास्टिक का प्रयोग करने से बचें

**प्री-पैक्ड टेकअवे फूड:**

a) से तात्पर्य ऐसे टेकअवे भोजन से है जिसे पहले से ही तैयार किया जाता है और ग्राहक के लिए डिस्प्ले पर रखे जाने से पहले फूडवेयर में डाला जाता है

b) इसमें ऐसा टेकअवे फूड शामिल नहीं होता है जो किसी ग्राहक के ऑर्डर या अनुरोध के बाद तैयार किया जाता है या फूडवेयर में डाला जाता है।

उदाहरण के लिए, प्री-पैक्ड टेकअवे फूड से तात्पर्य सैंडविच, सलाद या दही से है जिसे परिसर में बनाया, समय से पहले पैक किया, और बाद में ग्राहकों द्वारा खरीदने के लिए डिस्प्ले में रखा गया हो (उदाहरण के लिए ग्रैब-एंड-गो सर्विस)। यदि ऐसा है, तो यह आवश्यक है कि फूडवेयर का तल प्रतिबंध के अनुसार हो, लेकिन यदि ज़रूरत हो तो ढक्कन या विंडो प्लास्टिक की हो सकती है। ऐसा करने से यह सुनिश्चित होता है कि प्री-पैक्ड फूड को ग्राहक पारदर्शी प्लास्टिक के ढक्कन या विंडो से देख सकें ताकि वे इसे डिस्प्ले से चुन सकें।

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न 3:
## टेकअवे फूड या ईट-इन फूड क्या है?

**ईट-इन फूड** से तात्पर्य उस भोजन से है जिसे रेस्तरां, फूड कोर्ट, बाज़ार सहित किसी भी ऐसे परिसर में खाया जाना होता है जहाँ इसकी सप्लाई की जाती है, या कहीं भी जहाँ भोजन आमतौर पर परिसर में ही खाया जाता है।

**टेकअवे फूड** से तात्पर्य उस भोजन से है जिसे आमतौर पर खरीदने के तुरंत बाद बिना किसी और तैयारी, सामग्री या घटक के खा लिया जाता है।


जिन वस्तुओं को टेकअवे फूड **नहीं** माना जा सकता है (और इसलिए प्रतिबंध में शामिल नहीं हैं) उनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- फूड सामग्री जिसे आम तौर पर किसी अन्य व्यंजन की सामग्री या घटक के रूप में प्रयोग किया जाता है (उदाहरण के लिए ओलिव, पनीर, सलामी, सॉस, डिप, साधारण ब्रेड रोल)
- भोजन जिसे खाने से पहले और अधिक तैयार किए जाने की, इसे ठंडा या गर्म किए जाने की आवश्यकता होती है (उदाहरण के लिए ठंडी मीट पाई)
- भोजन जिसे आम तौर पर पूरा या एक ही बार में नहीं खाया जाता है (उदाहरण के लिए दही का मल्टी-सर्व टब, कुकीज़ या ब्रेड रोल का मल्टी-पैक, फलों के टुकड़ों का बड़ा पैक, बड़ा केक)।

# विस्तारित पॉलीस्टाइरीन और अन्य विस्तारित प्लास्टिक फूड कंटेनर और ट्रे

विस्तारित प्लास्टिक फूडवेयर (आमतौर पर विस्तारित पॉलीस्टाइनिन से निर्मित) के लिए WA में कोई रीसाइक्लिंग विकल्प नहीं है और यह आमतौर पर लैंडफिल या कूड़े में जाता है। यह हल्का पदार्थ होता है जो कूड़े में फैंक दिए जाने पर हवा और पानी द्वारा आसानी से एक जगह से दूसरी जगह स्थानांतरित हो जाता है और छोटे-छोटे टुकड़ों में टूट सकता है, जो वन्यजीवों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

## 1 जुलाई 2022 से प्रतिबंधित



प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू है:

- विस्तारित प्लास्टिक से बने डिस्पोजेबल फूड कंटेनर और ट्रे जैसे क्लैमशेल, प्लेट और कटोरे (उदाहरण के लिए फल और सब्जी पैकेजिंग या टेकअवे फूड सेवाओं के लिए प्रयोग किये जाने वाले फूड कंटेनर )।

प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू **नहीं** होता है:

- प्री-पैकेज्ड प्रोडक्ट में प्रयोग हुए EPS कंटेनर (उदाहरण के लिए ऑन-शेल्फ नूडल कप)
- कच्चे मीट या सीफूड प्रोडक्ट को पैक करने के लिए प्रयोग की गई EPS ट्रे।

## 1 सितम्बर 2023 से प्रतिबंधित



यह प्रतिबंध कच्चे मीट और सीफूड के लिए उपयोग की जाने वाली विस्तारित प्लास्टिक ट्रे को शामिल करने के लिए जुलाई 2022 के प्रतिबंध के आधार पर आगे विस्तृत किया गया है, इसमें प्री-पैकेज्ड ट्रे भी शामिल हैं।

प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू **नहीं** होता है:

- ताजा भोजन और पहले से तैयार भोजन की होम डिलीवरी के लिए विस्तारित प्लास्टिक/फोम के डिब्बे, जहाँ इन्हें इकठ्ठा करने और दोबारा प्रयोग करने का अवसर हो
- खराब न होने वाले फूड प्रोडक्ट्स के लिए विस्तारित प्लास्टिक प्री-पैकेजिंग (जैसे कि विस्तारित प्लास्टिक नूडल कप)
- गैर-विस्तारित प्लास्टिक ट्रे जिनका उपयोग ऐसे भोजन के लिए किया जाता है जो टेकअवे या ईट-इन फूड नहीं है (जैसे कि कच्चे मीट, सीफूड)।

## विकल्प





**सबसे पहले**, इस पर गौर करें कि क्या ग्राहक अपने खुद के टेकअवे फूड कंटेनर ला सकते/सकती हैं या क्या आप चीनी मिट्टी, धातु, बांस या कांच के कंटेनर जैसे दोबारा प्रयोग करने योग्य विकल्प दे सकते/सकती हैं।

**इसके बाद**, यदि आपको एकल उपयोग वाली वस्तुओं की आवश्यकता है, तो गैर-परत कागज, बांस, एल्यूमीनियम या गन्ने के गूदे पर विचार करें। कच्चे मीट और सीफूड के लिए बुचर पेपर पर गौर करें।

**अंततः**, ऑस्ट्रेलियाई मानक कम्पोस्टिंग प्रमाणित परत पेपरबोर्ड या गूदे वाले प्रोडक्ट्स पर गौर करें। यदि आवश्यक हो तो कच्चे मीट और सीफूड जैसे फूड जो टेकअवे या ईट-इन फूड नहीं है, उनके लिए आप प्लास्टिक ट्रे (PET जैसे आसानी से दोबारा प्रयोग योग्य प्लास्टिक पर गौर करें) का उपयोग करना जारी रख सकते/सकती हैं।

कृपया अपने विकल्पों पर गौर करते हुए प्लास्टिक फूडवेयर संबंधी नियमों से खुद को अवगत रखें। फूडवेयर (प्लेटें, कटोरे, ट्रे और कंटेनर) देखें।

महत्वपूर्ण!

# विस्तारित पॉलीस्टाइनिन और अन्य विस्तारित प्लास्टिक से बनी पैकेजिंग

विस्तारित प्लास्टिक (जिसे आमतौर पर प्लास्टिक फोम के रूप में जाना जाता है) हल्का पदार्थ होता है जो कूड़े में फेंके जाने पर हवा और पानी द्वारा आसानी से एक जगह से दूसरी जगह स्थानांतरित हो जाता है। वे वातावरण में छोटे-छोटे टुकड़ों में टूट जाते हैं, जो वन्यजीवों के लिए खतरा पेश करते हैं। विस्तारित प्लास्टिक को कर्बसाइड रीसाइक्लिंग प्रणालियों में रीसाइकल नहीं किया जा सकता है और इसमें से बहुत कम को वाणिज्यिक या औद्योगिक प्रणालियों में रीसाइकल किया जाता है।

यह प्रतिबंध सभी प्रकार के विस्तारित और फोमयुक्त प्लास्टिक, जैसे EPS, विस्तारित पॉलीथीन (EPE), विस्तारित पॉलीप्रोपाइलीन (EPP) और विस्तारित बायोप्लास्टिक्स पर लागू होता है।

यह प्रतिबंध *व्यवसाय-से-ग्राहक EPS पैकेजिंग को राष्ट्रीय चरणबद्ध तरीके से लागू करने के लिए राष्ट्रीय रोडमैप* की दिशा के अनुरूप है, हालाँकि यह दूसरे विस्तारित प्लास्टिक के बारे में भी बताता है और जिम्मेदारी को ब्रांड मालिकों से आगे बढ़ाता है। यह प्रतिबंध इस पैकेजिंग वाले सामान को बेचने या इनकी सप्लाई करने वाले सभी WA व्यवसायों, विनिर्माताओं, रिटेलर्स और वितरकों पर लागू होता है।

विस्तारित प्लास्टिक पैकेजिंग पर निम्नलिखित प्रतिबंध दो स्टेज में लागू किए जाएँगे।

## 1 सितम्बर 2023 से प्रतिबंधित



प्रतिबंध ढीले तरीके से भरा हुआ EPS और अन्य फोमयुक्त प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्री जैसे मूंगफली, मोतियों और एस-आकार के मोतियों की पैकिंग पर लागू होता है।

प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू **नहीं** होता है:

- विस्तारित प्लास्टिक से बने हुए अनुकूलनशील प्लास्टिक रैप्स और आस्तीन
- ताज़ी प्रोड्यूस के डिब्बे और थोक में ठंडी चीजें घर में पहुँचाने वाली सेवाएँ
- लाइसेंस प्राप्त इंस्टॉलर द्वारा उपभोग्य वस्तुओं की इंस्टालेशन के बाद व्यवसाय द्वारा रखी गई पैकेजिंग (उदाहरण के लिए एयर कंडीशनर पैकेजिंग)
- चिकित्सा अनुप्रयोगों के लिए की गई विशेष पैकेजिंग, (उदाहरण के लिए ऑर्गन ट्रांसपोर्ट या फार्मास्यूटिकल्स के लिए की गई पैकेजिंग)।

## 1 जुलाई 2025 से प्रतिबंधित





यह प्रतिबंध विस्तारित प्लास्टिक से बनी मोल्ड, कट की गई या आकार दी गई पैकेजिंग पर लागू होता है।




प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू **नहीं** होता है:

- विस्तारित प्लास्टिक से बने हुए अनुकूलनशील प्लास्टिक रैप्स और आस्तीन
- 45 किलोग्राम से अधिक वजन वाले प्रोडक्ट्स के लिए पैकेजिंग
- नाजुक या परिशुद्ध प्रोडक्ट्स के लिए पैकेजिंग (और अधिक जानकारी नीचे देखें)
- ताज़ी प्रोड्यूस के डिब्बे और थोक में ठंडी चीजें घर में पहुँचाने वाली सेवाएँ
- लाइसेंस प्राप्त इंस्टॉलर द्वारा उपभोग्य वस्तुओं की इंस्टालेशन के बाद व्यवसाय द्वारा रखी गई पैकेजिंग
- उन प्रोडक्ट्स के लिए पैकेजिंग जहाँ पैकेजिंग उस प्रोडक्ट के कैरी केस या किट का स्थायी हिस्सा है
- चिकित्सा अनुप्रयोगों के लिए की गई विशेष पैकेजिंग, उदाहरण के लिए ऑर्गन ट्रांसपोर्ट या फार्मास्यूटिकल्स।

## नाजुक और परिशुद्ध प्रोडक्ट्स

विस्तारित प्लास्टिक पैकेजिंग का उपयोग ऐसी वस्तुओं के संरक्षण के लिए किया जा सकता है जिन्हें विनिर्माता द्वारा नाजुक माना गया है और जिन्हें विनिर्माता द्वारा निर्दिष्ट मानक का अनुपालन करने वाली सुरक्षात्मक पैकेजिंग की आवश्यकता होती है।

यदि विस्तारित प्लास्टिक का उपयोग किया जाता है, तो विभाग निर्माता द्वारा ऐसे दस्तावेज़ प्रदान करने की अपेक्षा करेगा जो निम्नलिखित के बारे में बताता हो:

- उस निर्णय के बारे में जो यह दर्शाये कि प्रोडक्ट परिवहन के दौरान कार्यात्मक रूप से क्षतिग्रस्त हो सकता है और/या सुरक्षात्मक पैकेजिंग के बिना इसकी संरक्षा को खतरा हो सकता है
- आवश्यक सुरक्षा मानक, जैसे ऑस्ट्रेलियाई मानक परिवहन टेस्ट (ड्रॉप टेस्ट, वाइब्रेशन टेस्ट या रफ हैंडलिंग टेस्ट), पैकेज्ड उत्पादों के लिए अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित पारगमन एसोसिएशन टेस्ट या अंतर्राष्ट्रीय मानक पैकेजिंग प्रदर्शन टेस्ट
-
- विस्तारित प्लास्टिक पैकेजिंग के विकल्पों के बारे में गौर किया गया है - यदि कम से कम दो उपयुक्त पैकेजिंग विकल्प (जैसे मोल्ड किया गया कार्डबोर्ड, हाइब्रिड कार्डबोर्ड और एयर पिलो रैप) सुरक्षा के आवश्यक मानक प्रदान करने में विफल रहते हैं, तो यह विस्तारित प्लास्टिक पैकेजिंग की आवश्यकता के लिए पर्याप्त प्रमाण होते हैं।

ऐसे मामलों में, कम से कम एकल-उपयोग प्लास्टिक सामग्री वाली हाइब्रिड पैकेजिंग को अगला अच्छा तरीका माना जाएगा।




### प्रतिबंधों का समय

1 जुलाई 2025 से, यह आवश्यक है कि किसी रिटेलर (या सप्लाई करने वाले संगठन) को सप्लाई किए गए प्रोडक्ट्स, जिनकी निर्माण तिथि 1 जुलाई 2024 तक की हो, अनुपालन करते हों। 1 जुलाई 2024 से पहले निर्मित प्रोडक्ट्स इससे प्रभावित नहीं होंगे।

### विकल्प



**सबसे पहले**, यह गौर करें कि क्या आपके सामान को सुरक्षात्मक पैकेजिंग की आवश्यकता है या क्या विस्तारित प्लास्टिक को दोबारा प्रयोग योग्य सुरक्षात्मक पैकेजिंग और रैप्स से बदला जा सकता है।

**इसके बाद**, इस पर गौर करें कि क्या आप कागज-आधारित या गूदा-आधारित सुरक्षात्मक पैकेजिंग का उपयोग कर सकते हैं, जैसे मोल्ड किया गया गूदा या कार्डबोर्ड, हनीकॉम्ब पेपर, ऊन या स्ट्रॉ। सॉफ्ट प्लास्टिक एयर तकिए और प्लास्टिक बबल रैप की अनुमति है लेकिन पहले आपके द्वारा प्लास्टिक मुक्त विकल्पों पर गौर करने की सलाह दी जाती है।

**अनुपालन के लिए सुझाव:**

- यह समझें कि आपके प्रोडक्ट्स और व्यवसाय पर विनियमन कैसे लागू होते हैं, इसमें आपकी सीमा के तहत उन सामानों की समीक्षा करना भी शामिल है जो हो सकता है कि आपका अपना ब्रांड नहीं हो।
- विनिर्माताओं और सप्लायर्स के साथ बातचीत करके यह सुनिश्चित करें कि आप विस्तारित प्लास्टिक मुक्त पैकेजिंग वाले प्रोडक्ट्स का ऑर्डर कर रहे हैं।

# व्यवसाय के लिए चरण और समर्थन

**1. समय से पहले योजना बनाएँ और शुरूआत में अवस्थांतर करें।**

- आकलन करें कि आपकी सीमा में कौन सी वस्तुओं को बदलने की ज़रूरत है।
- अब प्रतिबंधित वस्तुओं का ऑर्डर करना बंद करें और मौजूदा भंडार का प्रयोग करें।
- विकल्पों का ऑर्डर करें और सप्लाई से जुड़ी समस्याओं से बचने के लिए बैन की समय-सीमाओं से समय रहते पहले ही भंडार बदल लें।
- यदि आपके पास भंडार अत्यधिक संख्या में है, तो अपने सप्लायर से बात करें क्योंकि हो सकता है कि वे रिटर्न या अदला-बदली स्वीकार करते हों।
- हो सकता है कि आप किसी दूसरे राज्य में अत्यधिक भंडार का स्थानांतरण करने में सक्षम हों (परन्तु दूसरे राज्यों में समान प्रतिबंधों से अवगत रहें)।
- यदि आप प्रतिबंधित वस्तुओं को समय रहते समाप्त, रिटर्न या स्थानांतरित न कर सकें, तो किसी स्थानीय रिसाइक्लर से संपर्क करके पता करें कि क्या वे इनमें से कुछ वस्तुओं को स्वीकार कर सकते हैं।

**महत्वपूर्ण!**

आप प्रवर्तन तिथियों के बाद प्रतिबंधित स्टॉक की सप्लाई जारी नहीं रख सकते हैं, फिर चाहे आपने इसे पहले ही खरीदा हो।

उपभोक्ता सुस्थित व्यापारों और उत्पादों का समर्थन करने के लिए अब और अधिक प्रयास कर रहे हैं।

**2. अपने श्रेष्ठ दीर्घावधि के विकल्पों की लाभ-हानि के बारे में सोचें।**

**सबसे पहले**, यह गौर करें कि क्या आपको उस परिस्थिति में स्ट्रा और कटलरी जैसी वस्तुएँ सप्लाई करना जारी रखने की ज़रूरत है यदि आपके ग्राहकों को असल में उनकी ज़रूरत नहीं है।

**इसके बाद**, इस बारे में सोचें कि क्या आप दोबारा प्रयोग योग्य, धोने योग्य विकल्पों का उपयोग कर सकते/सकती हैं और आपके द्वारा दी जाने वाली वस्तुओं की संख्या कम कर सकते/सकती हैं। ग्राहकों को अपनी खुद की वस्तुएँ लाने के लिए प्रोत्साहित करें।

**फिर**, यदि आपको अभी भी डिस्पोजेबल वस्तुओं की आवश्यकता है, तो उनका उत्पादों के अनुरूप और सुरक्षित होना सुनिश्चित करें। प्रत्येक वस्तु और उसके अनुमत विकल्पों के विशिष्ट नियमों की जाँच करें। यदि आप अपने विकल्पों के बारे में अनिश्चित हैं, तो प्लास्टिक बैन WA वेबसाइट देखें या नेशनल रिटेल एसोसिएशन के विशेषज्ञों से बात करें।

**3. अपने सप्लायर से बात करें**

इससे पहले कि आप विकल्पों का ऑर्डर करें, अपने सप्लायर से इन सवालों का जवाब लिखित में देने के लिए कहें:

1. **क्या ये वस्तुयें WA प्लास्टिक कानून (दोनों प्रतिबंध स्टेज 1 और स्टेज 2) का अनुपालन करती हैं?**

2. **क्या इन वस्तुओं में प्लास्टिक का कोई प्रकार या कम्पोस्टेबल प्लास्टिक शामिल है?**
   - कम्पोस्टेबल प्लास्टिक विकल्प अधिकांश वस्तुओं के लिए प्रतिबंधित हैं।
   - एकमात्र छूट कटोरे, ट्रे, कंटेनर या कप हैं जिनमें प्लास्टिक या बायोप्लास्टिक परत/कोटिंग होती है और जो:
     - मुख्य रूप से पेपरबोर्ड या फाइबर से बनी होती हैं, और
     - ऑस्ट्रेलियाई मानक कंपोस्टिंग प्रमाणित (या तो *AS 5810:2010* या *AS 4736:2006*) हैं।
   - कटोरे, कंटेनर और ट्रे के ढक्कनों में समान रूप से छूट है लेकिन यह याद रखें कि यह आवश्यक है कि कप के ढक्कन पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त हों।
   - ऑस्ट्रेलियाई मानक कम्पोस्टिंग प्रमाणित प्रोड्यूस बैग पर भी छूट दी गई है।

3. **क्या इन वस्तुओं में कोई डिग्रेडेबल प्लास्टिक या प्रतिबंधित प्रकार की विस्तारित प्लास्टिक पैकेजिंग शामिल है?**

प्रतिबंधित वस्तुओं की सप्लाई करना या किसी प्रतिबंधित वस्तु के बारे में झूठी या गुमराह करने वाली जानकारी देना एक अपराध है।

- प्रतिबंध के बारे में ग्राहकों के सवालों के लिए अपने कर्मचारियों को तैयार करें और आपने जो बदलाव लाने का फैसला लिया है, उनके बारे में उन्हें बताएँ।
- सुनिश्चित करें कि फूड और बेवरेज़ कर्मचारियों को यह पता है कि निवेदन किए जाने पर उन्हें फूड या बेवरेज़ के साथ निजी प्लास्टिक स्ट्रा उपलब्ध कराने की अनुमति है (और उन्हें इसके लिए कारण पूछने की ज़रूरत नहीं है) परन्तु यह आवश्यक है कि स्ट्रा डिस्पले पर न हो।
- अपने ग्राहकों को समय से पहले ही जानकारी प्रदान करें और उन्हें आपके द्वारा लागू किये जाने वाले परिवर्तनों के लिए तैयार करें।
- सप्लायर द्वारा अपने ग्राहकों से संपर्क करने और सभी रिटेलर्स द्वारा प्रतिबंध की तिथियों से काफी पहले संकेत-चिन्ह प्रदर्शित करने की सलाह दी जाती है ताकि ग्राहकों को समायोजन करने का समय मिल सके। संकेत-चिन्ह (अनुवादित संकेत-चिन्हों सहित) इस वेबसाइट पर उपलब्ध हैं: plasticsbanwa.com.au।

**4. परिवर्तनों के लिए तैयार होने में मदद के लिए अपनी टीम और ग्राहकों को जानकारी दें**

**क्या आपको सहायता की ज़रूरत है?**

व्यवसायों और संगठनों को प्रतिबंध का अनुपालन करने में सहायता देने के लिए नेशनल रिटेल एसोसिएशन (राष्ट्रीय रिटेल संगठन) सम्पूर्ण वेबसाइट और टोलफ्री हॉटलाइन सहित कई संसाधन और सेवाएँ प्रदान कर रहा है।

**और अधिक जानकारी या सलाह के लिए:**

plasticsbanwa.com.au **पर जाएँ**

**1800 817 723 पर कॉल करें**

**ई-मेल** sustainability@nationalretail.org.au

हम सभी व्यवसायों को प्रतिबंध संबंधी किसी भी अपडेट जैसे छूट, प्
रवर्तन और सामान्य प्रश्नों के उत्तर के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखने की सलाह देते हैं।

वेबसाइट पर और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए यहां स्कैन करें।

यह प्रकाशन जल और पर्यावरण विनियमन विभाग (Department of Water and Environmental Regulation) और नेशनल रिटेल एसोसिएशन के बीच सहयोगात्मक प्रयास है।

**Department of Water and Environmental Regulation**

8 Davidson Terrace Joondalup WA 6027 | Locked Bag 10 Joondalup WA 6919 | फोन: +61 8 6364 7000 | फैक्स: +61 8 6364 7001
अधिक जानकारी के लिए | फोन: (08) 6364 7000 | ई-मेल: plastic-action@dwer.wa.gov.au